आकाशवाणी केन्द्र शिमला
30.07.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

मुख्य समाचार

- मुख्यमंत्री ने 75वें राज्य स्तरीय वन महोत्सव का शिमला से किया शुभारंभ– सभी 68 विधानसभा क्षेत्रों में स्थानीय विधायकों ने भी किया पौधरोपण।
- प्रदेश सरकार ने राज्य चयन आयोग को विभिन्न श्रेणियों के 21 पोस्ट कोड के परिणाम घोषित करने की दी स्वीकृति।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कांग्रेस सरकार पर पूर्व भाजपा सरकार की विभिन्न योजनाओं को बंद करने का लगाया आरोप।
- कुल्लू ज़िले के मणिकर्ण की तोष घाटी में बादल फटने से 3 दुकानों सहित एक पुल बहा– होटल को भी पहुंचा नुकसान।

वन महोत्सव

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज शिमला स्थित अपने सरकारी आवास ओक ओवर में बान का पौधा लगाकर 75वें राज्य स्तरीय वन महोत्सव का शुभारंभ किया। इस बार वन विभाग ने प्रदेश में जन भागीदारी से 9 हज़ार हैक्टेयर भूमि पर पौधे रोपने का लक्ष्य रखा है। मुख्यमंत्री ने सूखे और क्षतिग्रस्त पेड़ों के निस्तारण की मानक संचालन प्रक्रिया का शुभारंभ भी किया। इसके तहत वन रक्षक स्तर पर दो पेड़ और मंडलीय वन अधिकारी स्तर पर 25 पेड़ काटने की अनुमति प्रदान की गई है। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मज़बूत करने और पौधों की देखभाल के लिए सरकार ने फॉरेस्ट बीट के चौथे हिस्से को महिला मंडलों को सौंपने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री ने वन संरक्षण अधिनियम के पहले चरण की स्वीकृति के बाद परियोजना क्षेत्र में आने वाले पेड़ों को काटने के लिए वन विकास निगम और वन विभाग के अधिकारियों को भी शक्तियां सौंपने की घोषणा की। इस दौरान राज्य स्तरीय वन महोत्सव कार्यकम में प्रदेश के 68 विधानसभा क्षेत्रों व 41 वन मंडलों में स्थानीय विधायकों, वन विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों ने वर्चुअल माध्यम से हिस्सा लिया और पौधरोपण अभियान से जुड़े। इस मौके पर उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान और विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

कुलदीप पठानिया

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने 75वें वृत स्तरीय वन महोत्सव के तहत चंबा ज़िला के चुवाड़ी के समीप मतिहार गांव में आयोजित पौधरोपण कार्यकम में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने आंवले का पौधा रोपित कर वन महोत्सव का शुभारंभ किया। विधानसभा अध्यक्ष ने वन महोत्सव की थीम 'एक पेड़ मां के नाम' के तह सभी लोगों से पौधरोपण करने का आग्रह किया। उन्होंने बताया कि चंबा वन वृत के तहत इस वर्ष 2 हज़ार हैक्टेयर भूमि में विभिन्न प्रजातियों के लगभग 16 लाख पौधे रोपित किए जाएंगे।

चंद्र कुमार

कृषि व पशुपालन मंत्री चंद्र कुमार ने कहा है कि जलवायु परिवर्तन जैसे खतरे से निपटने के लिए पौधरोपण करना बेहद जरूरी है। उन्होंने आज ज्वाली विधानसभा क्षेत्र में 75वें वन महोत्सव के दौरान जामुन का पौधा रोपित कर पौधरोपण के शुभारंभ अवसर पर ये विचार व्यक्त किए। उन्होंने युवाओं से प्रकृति को प्रदूषण से बचाने के लिये पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में आगे आने और आम लोगों में इसके प्रति जागरूकता फैलाने का आह्वान किया। इस बीच कृषि मंत्री ने सभी विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने अधिकारियों को बिना देरी किये युद्धस्तर पर विकास परियोजनाओं को अमलीजामा पहनाने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश सरकार ने राज्य चयन आयोग को विभिन्न श्रेणियों के 21 पोस्ट कोड के परिणाम घोषित करने को स्वीकृति प्रदान की है। उन्होंने कहा कि सत्ता में आने के बाद प्रदेश के युवाओं के लिए सरकारी क्षेत्र में 30 हजार पद सृजित किए गए और इन पदों को भरने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। उन्होंने कहा कि पिछली भाजपा सरकार ने रोजगार के नाम पर युवाओं को केवल ठगने का काम किया और पांच वर्ष के कार्यकाल के दौरान सरकारी क्षेत्र में केवल 20 हजार नौकरियां सृजित की गई, जिनमें से अधिकतर कानूनी दाव–पेच में फंस गई।

सिकंदर कुमार

केंद्रीय आयुष मंत्रालय के राज्य मंत्री प्रताप राज जाधव ने बताया कि हिमाचल सहित अन्य राज्यों व संघ राज्य क्षेत्र सरकारों के माध्यम से राष्ट्रीय आयुष मिशन की केंद्रीय प्रायोजित योजना को लागू किया जा रहा है। आज संसद में राज्यसभा सांसद सिकंदर कुमार द्वारा पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने ये बात कही। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि आयुष मंत्रालय ने राष्ट्रीय आयुष मिशन के प्रावधानों के अनुसार कुल्लू और मंडी ज़िलों में एकीकृत आयुष अस्पतालों की दो इकाईयों को मंजूरी दी है। उन्होंने कहा कि हिमाचल सरकार से राज्य वार्षिक कार्य योजना के माध्यम से प्राप्त प्रस्तावों के अनुसार मौजूदा आयुष औषधालयों को उन्नत कर 7 सौ 40 आयुष्मान आरोग्य मंदिर के संचालन के लिए भी सहायता दी गई है। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि एन.ए.एम. के प्रावधानों के तहत वर्ष 2014–15 से वर्ष 2023–24 तक हिमाचल में विभिन्न अनुमोदित गतिविधियों के कार्यान्वयन के लिए केंद्रीय हिस्से के रूप में एक सौ 49 करोड़ 97 लाख रूपये की अनुदान सहायता जारी की है। इस बीच सांसद सिकंदर कुमार द्वारा पूछे गए एक अन्य सवाल के जवाब में स्वास्थ्य व परिवार कल्याण राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने बताया कि पिछले 3 वर्षों में प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के तहत एम्स बिलासपुर को कुल 3 सौ 14 करोड़ 38 लाख रूपये की अनुदान राशि दी गई है।

जयराम ठाकुर

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि प्रदेश की सुक्खू सरकार पूर्व भाजपा सरकार द्वारा शुरू की गई विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं को बंद कर रही है। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा है कि सत्ता में आते ही कांग्रेस सरकार ने हिमकेयर का पैसा रोक दिया जिससे अस्पतालों ने ईलाज करना बंद कर दिया और लोग दर–दर भटकने को मजबूर हुए। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि मित्रों को केबिनेट रैंक बांटने और सीपीएस बनाने के लिए सरकार के पास पैसों की कमी नहीं है लेकिन गरीब हित और प्रदेश के विकास की बात आते ही सरकार को हर तरह की आर्थिक तंगी याद आती है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में सुक्खू सरकार महिलाओं को बस किराए में मिल रही छूट की योजना और निशुल्क पानी जैसी योजनाओं को भी बंद करने की तैयारी कर रही है। इस बीच जयराम ठाकुर ने केंद्रीय विद्युत और शहरी व आवास मामलों के मंत्री मनोहर लाल खटटर से दिल्ली में शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने हिमाचल के विकास संबंधी विषयों पर सार्थक चर्चा की और केंद्रीय मंत्री ने हिमाचल को हर संभव मदद का भरोसा दिया।

सुरेश कश्यप

भाजपा सांसद सुरेश कश्यप ने आज लोकसभा में पांवटा साहिब–सतौन–कमराउ–कफोटा–शिलाई–हाटकोटी–शिमला तक ओवर हैड ऑप्टिकल फाइबर बिछाने का केंद्र से आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि नालागढ़–बद्दी–परवाणू तक और कंडाघाट–सोलन–धर्मपुर–परवाणू के माध्यम से एक नई ओवरहैड केबल की आवश्यकता है, क्योंकि एन.एच. विस्तार कार्य में बहुत पुरानी केबल बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है। सुरेश कश्यप ने केंद्रीय संचार मंत्री और सड़क व परिवहन मंत्री से इन समस्याओं के जल्द समाधान को लेकर संबंधित विभागों को आदेश जारी करने का आग्रह किया है।

मौसम

प्रदेश में मॉनसून के सक्रिय होने से कई इलाकों में आज ज़ोरदार वर्षा का समाचार है। बीती रात कुल्लू जिला की मनिकर्ण घाटी के तोष की पहाड़ियों में बादल फटने से तोष नाले में भारी बाढ़ आ गई जिससे तीन दुकानों सहित एक पुल बह गया और एक होटल को भी नुकसान हुआ है। फिलहाल इस घटना में किसी तरह के जानी नुकसान की सूचना नहीं है। उपायुक्त तोरूल एस रवीश ने बताया कि राजस्व विभाग की टीम ने आज मौके पर पहुंच कर नुकसान का आकलन किया। उन्होंने कहा कि भारी बाढ़ से तोेष गांव का संपर्क बाधित हुआ है जिससे ग्रामीणों को आवाजाही से परेशानी हो रही है। हालांकि प्रशासन कनेक्टिविटी बहाल करने में जुटा है। उन्होंने बताया कि पलचान पुल के पास मलबा व जल भराव से अटल टनल की ओर जाने वाली बंद सड़क को बहाल कर दिया गया है। ब्यास नदी के जलस्तर में बढ़ौतरी को देखते हुए जिला प्रशासन ने लोगों से नदी के समीप न जाने की अपील की है। मौसम विभाग ने पहली अगस्त तक भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। विभाग ने कुल्लू, सोलन, सिरमौर, शिमला और किन्नौर में भू–स्खलन व बाढ़ की चेतावनी भी जारी की गई है। इस बीच मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने तोष घाटी में बादल फटने हुए नुकसान पर दुख जताते हुए प्रभावितों को हर संभव मदद पहुंचाने का आश्वासन दिया है।

गोविंद ठाकुर

पूर्व मंत्री व प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष गोविंद ठाकुर ने कुल्लू ज़िले में गौ–तस्करी में संलिप्त दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का पुलिस अधीक्षक से आग्रह किया है। कुल्लू में आज एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कुल्लू ज़िले में गौ–तस्करी के मामले सामने आए हैं, जिससे लोगों में विशेष समुदाय के प्रति रोष पनप रहा है। गोविंद ठाकुर ने समाज के सभी वर्गों में सद्भावना बनाए रखने के लिए ऐसी गतिविधियों में संलिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की सरकार से भी मांग की है। इस बीच मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि कुल्लू में गौवंश हत्या मामले में पुलिस ने 6 लोगों को गिरफ्तार किया है और मामले की जांच चल रही है। उन्होंने कहा कि पुलिस से रिपोर्ट मिलने के बाद दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।